# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

## (तिथि 02 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==============================================

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, सोने की अनावश्यक खरीद और विदेशों में शादी-ब्याह करने से बचने का आह्वान किया है। एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि देश के युवा आज जो कड़ी मेहनत कर रहे हैं, उससे उनके सपने साकार होंगे।

*स्वदेशी का मंत्र वोकल फोर लोकल विदेशों की यात्राएं अगर घूमने-फिरने जाते हैं तो नहीं करना चाहिए। शादी-ब्याह अगर विदेशों में करते हैं नहीं करना चाहिए। मेड इन इंडिया के मंत्र को जीना चाहिए और जरूरत ना हो तो सोना भी नहीं खरीदना चाहिए। हम जितना ज्यादा स्वदेशी पर बल देंगे, जितना आत्मनिर्भर पर बल देंगे। मुझे पक्का विश्वास है तो जब आजादी के सौ साल होंगे। हम हमारी युवा पीढी को विकसित भारत सुपुर्द करेंगे।*

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने तथा स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर अधिक बल देने की आवश्यकता बताई।

*भारत के भीतर ही निराशा की गर्त में डूबे हुए लोग झूठ की गूंज चारों तरफ निराशा फैलाने में लगे हुए हैं। इन सारी चीजों को पार करते हुए उन सभी बातों को चीर करके देख ले 7.8 परसेंट ग्रोथ हासिल किया है। हमें इस गति को बनाए रखना है। हमें बढना ही है और इसके लिए आत्मनिर्भर भारत बनना बहुत जरूरी है।*

--------------------------------------

सरकार ने चीनी व्यापारियों के लिए स्टॉक रखने की अधिकतम सीमा को 4,000 क्विंटल से घटाकर 2,000 क्विंटल कर दिया है। यह नया नियम 15 सितंबर से 30 नवंबर तक लागू रहेगा। इसके तहत व्यापारी चीनी का कोई भी स्टॉक प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन से अधिक समय तक नहीं रख सकेंगे।

----------------------------------------------

मौसम विभाग ने हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में तेज बारिश की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार आगामी दिनों में दोनों क्षेत्रों में मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आने और लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

स्थानीय प्रशासन ने जलभराव और यातायात में संभावित व्यवधान को देखते हुए नागरिकों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है।

--------------------------------------

सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए बफर स्टॉक की लक्षित आपूर्ति शुरू कर दी है। उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अनुसार, दिल्ली, लखनऊ, चंडीगढ़, अमृतसर और वाराणसी समेत 19 प्रमुख शहरों में सस्ती दरों पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

मंत्रालय ने जानकारी दी है कि बफर स्टॉक से आपूर्ति शुरू होते ही बाजारों में प्याज की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही, इस पहल के तहत करीब 3,400 किसानों को 210 करोड़ रुपये का सीधा भुगतान भी किया जा चुका है।

--------------------------------------------

हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से गन्नौर की तहसीलदार ललिता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विभाग की ओर से जारी आदेश में निलंबन के दौरान उनकी तैनाती का मुख्यालय भिवानी नीनउपायुक्त कार्यालय, निर्धारित किया गया है।

---------------------------------------------------

जींद के नागरिक अस्पताल में आज स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं को परखने के लिए राज्य मुख्यालय से चार सदस्यीय कायाकल्प टीम ने औचक निरीक्षण किया।

डॉ. पंकज के नेतृत्व में पहुंची टीम ने आपातकालीन सेवा, गहन चिकित्सा इकाई, पैथोलॉजी प्रयोगशाला, प्रसव कक्ष और बाह्य रोगी विभाग का गहन निरीक्षण

किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाई गई और कुछ अन्य खामियों पर टीम ने नाराजगी जताते हुए सुधार के कड़े निर्देश दिए। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। कायाकल्प योजना के तहत 70 प्रतिशत से अधिक अंक मिलने पर अस्पताल को कैश अवॉर्ड दिया जाएगा। टीम अपनी विस्तृत रिपोर्ट कल पंचकुला राज्य मुख्यालय को सौंपेगी।

= = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = = =

सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए बफर स्टॉक की लक्षित आपूर्ति शुरू कर दी है। उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अनुसार, दिल्ली, लखनऊ, चंडीगढ़, अमृतसर और वाराणसी समेत 19 प्रमुख शहरों में सस्ती दरों पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

मंत्रालय ने जानकारी दी है कि बफर स्टॉक से आपूर्ति शुरू होते ही बाजारों में प्याज की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही, इस पहल के तहत करीब 3,400 किसानों को 210 करोड़ रुपये का सीधा भुगतान भी किया जा चुका है।